

## ड्रोन से किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण



**सेंधवा।** मोहर्रम पर्व के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर के निर्देशन में आज सेंधवा नगर के जुलूस मार्गों का ड्रोन कैमरे की सहायता से सघन निरीक्षण किया गया। सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी संवेदनशील स्थानों की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा.निर्देश देकर ड्यूटी पर रवाना किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी नागरिकोंए धर्मगुरुओं एवं आयोजकों से सहयोग की अपील की व त्यौहार सांप्रदायिक सौहार्द कायम कर शांतिपूर्ण संपन्न करें।

## पुलिस का वृहद पौधारोपण अभियान संपन्न



**बड़वानी।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के तहत हरियाली महोत्सव के अंतर्गत 4 जुलाई को जिलेभर में पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एसपी जगदीश डावर ने किया एवं मार्गदर्शन एएसपी धीरज बब्बर ने दिया। अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच सहभागिता एवं विश्वास की भावना को भी सशक्त करना है। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणादायी पहल एक पेड़ मां के नाम के संदेश को आत्मसात करते हुए आयोजित किया गया। पुलिस लाईन में एसपी जगदीश डावर ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उनके साथ एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक चेतन सिंह बघेल, सूबेदार उषा सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा पौधारोपण में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त थाना एवं चौकी परिसरों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। यह अभियान पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हर थाने व पुलिस परिसर को हरियाली से आच्छादित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस का यह अभिनव प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक पहल है, बल्कि यह पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता को भी सुदृढ़ करता है। यह अभियान आने वाले वर्षों में जिले को एक हरित और स्वच्छ वातावरण देने में मील का पत्थर साबित होगा।

## नया रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक एडीशन

इंदौर. 'डिप्ड इन ब्लैक' के रूप में, रेंज रोवर ने आज रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक का प्रीव्यू किया, जिसमें उत्कृष्ट फीचर्स और डीटेलिंग के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है. शानदार लक्ज़री परफोर्मेन्स देने वाली एसयूवी के रूप में रेंज रोवर की स्पोर्ट एसवी प्रतिष्ठा पर आधारित यह पेशकश 2025 के अंत तक ऑर्डर पर उपलब्ध होगी– जो ऑल ब्लैक लुक के सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाती है. मार्टिन लिम्पर्ट, ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर, रेंज रोवर ने कहा रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक, स्पोर्टिंग लक्ज़री का प्रतिनिधित्व करती है; जो अपने आप में बोल्ड स्टेटमेन्ट है. हमने ऐसा वाहन बनाया है जो मजबूती के साथ समझौता किए बिना, प्योर पावर एवं परफोर्मेन्स के संयोजन के साथ उपभोक्ताओं को खूब लुभाता है. हमने पहली बार रेंज रोवर में नई फिनिश के साथ डीटेल पर ज़्यादा ध्यान दिया है, जो सही मायनों में हमारे शिल्प कौशल को दर्शाता है.

## नथिंग फ़ोन (3) और हेडफ़ोन (1) लॉन्च

इंदौर. लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है. दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं. नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉर्मेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है. इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है. नथिंग हेडफ़ोन (1) ओवर-ईयर ऑडियो श्रेणी में नथिंग की एंट्री को चिह्नित करता है. केईएफ के सहयोग से तैयार, यह एक्सप्रेसिव डिज़ाइन को सटीक इंजीनियरिंग के साथ जोड़ता है. इनकी बिक्री 15 जुलाई से फिलपकार्ट, फिलपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी.

## शाहरुख खान, सिटी ऑफड्रीम्स के उद्घाटन में होंगे शामिल

इंदौर. बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरुख खान 2 अगस्त को श्रीलंका पहुंच रहे हैं. वे सिटी ऑफड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे. 'किंग खान' के नाम से दुनिया भर में मशहूर और ढेरों अवॉर्ड जीतने वाले शाहरुख खान को साउथ एशिया के पहले लक्ज़री इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिज़ॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है. सिटी ऑफड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिज़ॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा.

## सितारों के डब्बों में क्या है खास?

इंदौर. एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) ने बताया कि वो सेट पर किस तरह का खाना लेकर जाना पसंद करती हैं. सपना सिकरवार ने कहा मेरा डब्बे में घर का बना सादा और स्वादिष्ट खाना होता है– जैसे कि रोटी-सब्ज़ी, दाल-चावल या कभी-कभी बेसन या सूजी का चीला. शाम के लिए मैं कुछ हल्के स्नैक्स भी लेकर आती हूं, जैसे पोहा, उपमा या मसाला मूंगफ़ली. लेकिन एक चीज़ जो हमेशा मेरे टिफ़िन में होती है, वो है अचार-चाहे आम का हो, नींबू का या मिक्स, उसका तीखा चटपटा स्वाद खाने में जान डाल देता है. शुभांगी अत्रे ने कहा मेरे टिफ़िन में आमतौर पर नरम फुल्के और मौसमी हरी सब्जियां जैसे लौकी, टिंडा, भिंडी या पालक पनीर होती हैं. हल्के खाने के दिन मूंग दाल का चीला या सब्जियों वाली खिचड़ी खाना पसंद करती हूं. सलाद मेरी डेली डाइट का हिस्सा है–जिसमें चुकंदर, खीरा, गाजर या स्प्राउट्स ज़रूर होते हैं. थोड़ी एनर्जी के लिए मैं भीगे हुए बादाम, अखरोट और खजूर एक छोटे डब्बे में रखती हूं.

## आशा जाकड़ यदुवंशी रत्न से सम्मानित

इंदौर. यदुवंशी समाज ग्वालियर संभाग द्वारा यदुवंशी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इसमें मध्य प्रदेश के 45 विद्यार्थियों को 10वीं व 12वीं कक्षा में 80% प्राप्त होने पर रामायण, लैपटॉप बैग आदि देकर सम्मानित किया. 10 लोगों को विशेष योग्यता के आधार पर सम्मानित किया गया. इसके अंतर्गत आशा जाकड़ को उत्कृष्ट लेखन के क्षेत्र में यदुवंशी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया.

## निसान ने सीएनजी रेट्रोफिटमेंट के दूसरे चरण की शुरुआत की

इंदौर. निसान मोटर इंडिया ने अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के दूसरे चरण की शुरुआत का एलान किया. इको फ्रेंडली सीएनजी का विकल्प अब राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगा।.पहले चरण में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट विकल्प को 7 राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया था.

# कॉलेज का एनसीसी बंद होने की कगार पर

### पिछले एक वर्ष से एनसीसी प्रभारी सेंधवा से 60 किलोमीटर दूर बड़वानी रोज अपने कर्तव्य पर होते हैं उपस्थित

**सेंधवा, (नवभारत)।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 55 महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित किया गया। जिनमें शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए 11 एवं 12 जुलाई 2024 को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के सहायक प्राध्यापकों का डिप्लॉयमेंट किया गया। इस डिप्लॉयमेंट सूची में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेंधवा के एनसीसी प्रभारी को भी शामिल किया। इस वजह से पिछले 1 वर्ष से एनसीसी प्रभारी सेंधवा से 60 किमी दूर बड़वानी रोज अपने कर्तव्य पर उपस्थित होते हैं। परंतु सेंधवा महाविद्यालय की एनसीसी की गतिविधियां पिछले 1 वर्ष में पूरी तरह से प्रभावित हो चुकी है एवं एनसीसी बंद होने की कगार पर है।

बता दें कि बड़वानी पीजी कॉलेज में गणित विषय मे पहले से ही 6 अतिथि विद्वान कार्यरत हैं, जिससे बड़वानी महाविद्यालय की गणित विषय की शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्य कार्य अच्छे से हो रहे हैं। एनसीसी कैडेट्स द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को महाविद्यालय के माध्यम से अनेकों बार इस बारे में अवगत कराया है।

जून 2025 में सरकार द्वारा लगभग 600 प्राध्यापकों का स्थानांतरण किया गया, परंतु सेंधवा महाविद्यालय की इस समस्या के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय बड़वानी में गणित विषय में किसी भी प्राध्यापक का स्थानांतरण नहीं किया गया।

इससे ये पता चलता है कि उच्च शिक्षा विभाग को इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि एक आदिवासी बहुल क्षेत्र सेंधवा के शासकीय महाविद्यालय से एनसीसी बंद हो जाए और यहां के आदिवासी छात्रों को एनसीसी का न लाभ मिले। पिछले वर्ष ही एनसीसी के माध्यम से 2 महाविद्यालय के छात्रों का अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में चयन हुआ है।

प्राचार्य द्वारा भी आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं अतिरिक्त संचालक इंदौर संभाग, इंदौर को कई बार अवगत कराया है। विद्यार्थियों ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सेंधवा महाविद्यालय की अव्यवस्था से कोई फर्क नहीं पड़ा।

साथ ही जब जुलाई 2024 में डिप्लॉयमेंट किए गए थे तब प्रदेश से लगभग 120 प्राध्यापकों के नाम सूची में थे लेकिन जब मई 2025 में डिप्लॉयमेंट की अवधि में वृद्धि की गई तब सूची में आधे प्राध्यापक ही रह गए।

इस तरह से एक प्रशिक्षण लिए हुए एनसीसी अधिकारी का ऐसी जगह डिप्लॉयमेंट करना जहां उनका प्रशिक्षण किसी काम नहीं आ रहा है एवं सेंधवा महाविद्यालय के छात्रों के भविष्य में भारतीय सेना में जाने के सपने को तोड़ना यह दर्शाता है कि उच्च शिक्षा विभाग, को सेंधवा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स के भविष्य की परवाह नही है।

इस संबंध में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा अन्तर सिंह, आर्य, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुचित जनजाति, आयोग भारत सरकार, को अवगत कराया गया एवं उनके द्वारा भी उच्च शिक्षा विभाग एवं माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, को पत्र लिखे जा चुके हैं, परंतु अभी तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है। जिसके चलते एक बार पुनः साकेत द्विवेदी, जितेंद्र माला, राकेस अवासे, कैडेट गणेश नारगवे, कैडेट भूरी पावरा, कैडेट, पलक सुल्या एवं समस्त एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया।


**भारतीय सेना में चयन**

- अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में हुआ चयन।
- एनसीसी कैडेट्स के भविष्य की परवाह नहीं है।

## रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी को किया पुरस्कृत

**बड़वानी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के वर्ष 2024-2025 सत्र के अन्तर्गत इंदौर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। डिस्ट्रिक्ट में क्लबों द्वारा किए गए सेवा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए रोटरी मंडलाध्यक्ष अनीश मलिक और प्रथम रोटरी महिला सिम्मी मालिक ने प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी के कार्यों को सराहा एवं पुरस्कृत किया। पूर्व अध्यक्ष डॉ निलेश जैन, सहायक मंडलाध्यक्ष को सर्वश्रेष्ठ सहायक मंडलाध्यक्ष का पुरस्कार दिया। इस उपलब्धि पर अनीश मलिक, सिम्मी मालिक, सुशील मल्होत्रा मंडलाध्यक्ष, अरुण वर्मा ने बधाई दी। उक्त जानकारी क्लब के अलि असगर रिज़वी और सचिव अबू तलिब रौनक ने दी।

## बन रहे आकर्षक ताजिये



**बड़वानी, (नवभारत)।** जिलेभर में मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो रहे हैं। साथ ही कुरआनी ख्वानी के आयोजन भी हो रहे हैं, जिनमें महिलाओं द्वारा कुरआन शरीफ की तिलावत की जा रही है। एडवोकेट नदीम शेख और मजहर शेख ने बताया कि इस वर्ष करीब 40 से 50 ताजियों का निर्माण किया जा रहा है।

ताजियों को अंतिम रूप देने के चलते ताजियेदार रात और दिन मेहनत कर रहे हैं। रविवार रात्रि में ताजियों को ज्यारत के लिए रखा जाएगा। शनिवार को सुबह के समय जहां मन्नती शेर शहर में भ्रमण करेंगे, वहीं रात्रि में बाबा की सवारियां निकलेगी।

**शहर में आज निकलेंगे मन्नती शेर**

**एक नजर में** — राम मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ विशाल भंडारा, हजारों भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी

# शहर में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**नवभारत न्यूज़ बड़वानी 05 जुलाई.** गुरूवार को शहर में तीसरी बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगमाया मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए राम मंदिर पहुंची। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों सहित रास्तेभर में रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। शहर के यात्रा भवानी माता, झंडा चौक, रणजीत चौक, एमजी रोड, मोटीमाता, रोटरी स्कूल से होते हुए जैन मंदिर और रानीपुरा तक पहुंची।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त

रथयात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई और भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बच्चों से बुजुर्गों ने भी भगवान जगन्नाथ का जयकारा लगाते हुए रथ खींचा।

### भंडारे का हुआ आयोजन

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पालाबाजार स्थित कालिका माता मंदिर सदस्यों द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वहीं कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा रास्तेभर में प्रसादी का वितरण किया गया। समिति संयोजक मनीष शर्मा और सचिव निलेश गुप्ता ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। वहीं राम मंदिर प्रांगण में हुए विशाल भंडारे में 15 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जगह-जगह स्वागत

शहर में तीसरी बार निकली रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों सहित रास्तेभर में रथयात्रा का भव्य स्वागत किया।

# दलाल बनकर 1.69 करोड़ की ठगी करने वाला मुंबई से गिरफ्तार

- इंदौर की गारमेंट कंपनियों से माल दिलवाकर किया भुगतान में धोखा
- देशभर के व्यापारियों को बनाया शिकार

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच की टीम ने गारमेंट कारोबार की आड़ में करीब 1.69 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले शातिर दलाल को महाराष्ट्र के मुंबई से गिरफ्तार किया है. आरोपी खुद को गारमेंट डीलर बताकर देश के विभिन्न शहरों के व्यापारियों से रेडीमेड कपड़ों का माल डिलवाता था, लेकिन न भुगतान करता और न ही माल लौटाता. पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है.

क्राइम ब्रांच ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी 40 वर्षीय किरीट जडेजा उर्फ कार्तिक मूलतः मांडवी, जिला कच्छ गुजरात का निवासी है और वर्तमान में ठाणे, महाराष्ट्र में रह रहा था. आरोपी सातवीं तक पढ़ा है और उसने कपड़ा व्यवसाय में दलाली करना कबूल किया है. वह फर्जी एजेंसी बनाकर व्यापारी और सप्लायर के बीच मध्यस्थ बनता था और अपने झांसे में लेकर माल मंगवाता था. यह कार्रवाई फरियादी मुकेश जैन और इंदौर के अन्य गारमेंट व्यापारियों की शिकायत के आधार पर की गई, जिनकी फर्मों को आरोपियों ने जुलाई-अगस्त 2024 के बीच झांसे में लिया. आरोपियों ने खुद को 'श्री इन्द्रेश्वर टेक्सटाइल एजेंसी' ऑफिस- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, गेस्ट हाउस रोड, इंदौर से जुड़ा बताकर कहा कि वे विभिन्न राज्यों के व्यापारियों से रेडीमेड गारमेंट्स के ऑर्डर दिलवाएंगे और भुगतान 30 से 45 दिनों में करा देंगे. इस झूठे भरोसे के आधार पर फरियादी पक्ष ने वीआर ट्रेडिंग मुंबई, साई इम्पेक्स मुंबई, हर्षा ट्रेडर्स मुंबई, रॉयल क्रिएशन हैदराबाद, राशि कलेक्शन हैदराबाद, पी डब्ल्यू ऑल्स ओवरसीज बेंगलुरु, शिवशक्ति इंडस्ट्रीज मुंबई, जुबिया टेक्सटाइल हैदराबाद, फेब्रिक वर्ल्ड तेलंगाना और खुशबू इंटरप्राइजेस पाली, राजस्थान सहित अन्य कंपनियों को करीब 1,69,96,876 रुपए मूल्य का रेडीमेड कपड़ा सप्लाय किया. लेकिन अब तक भुगतान नहीं मिला. जब लगातार मांग करने पर भी न तो पैसा मिला और न ही माल वापस आया, और आरोपी फोन तक उठाना बंद कर चुके थे, तब फरियादियों ने पुलिस में शिकायत की. आरोपीगण अपना इंदौर ऑफिस बंद कर फरार हो चुके थे.



**नेटवर्क की जानकारी जुटा रहे**

क्राइम ब्रांच ने इस मामले में अपराध प्रकरण दर्ज कर आरोपी किरीट जडेजा को मुंबई से गिरफ्तार किया है. पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है. पूछताछ में अन्य राज्यों के और भी व्यापारियों के साथ हुई ठगी के खुलासे की उम्मीद है.



# रालामंडल में सर्विस रोड के गड्ढे हुए दुरुस्त

- नई एजेंसी ने डामरीकरण कर बदली सूरत

इंदौर. रालामंडल क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लायओवर के चलते डायवर्ट किए गए ट्रैफिक से सर्विस रोड पर भारी दबाव था. बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे रोज वाहन फंसते और लंबा जाम लग जाता था. हालत दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे थे, लेकिन जिम्मेदार निर्माण एजेंसी की लापरवाही से कोई सुधार नहीं हो रहा था.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ट्रैफिक जोन 3 हिंदू सिंह मुवेल के निर्देशन में बीट प्रभारी सूबेदार अमितकुमार यादव ने मोर्चा संभाला और फ्लायओवर निर्माण में लगी एजेंसी को बदलवाकर नई एजेंसी से काम शुरू कराया गया. नतीजा यह हुआ कि महज एक सप्ताह में ही सड़क की तस्वीर बदल गई. सर्विस रोड पर गड्ढे भरे गए और डामरीकरण कर आवागमन को सुचारु बनाया गया. बरसात और भारी ट्रैफिक दबाव के बावजूद नई एजेंसी ने तेजी से काम पूरा किया. वहीं, इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन के चलते किसी प्रकार का जाम नहीं लगने दिया गया. स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस की सराहना की है.

# होटल में फर्जी पहचान के साथ रुका युवक पकड़ा



इंदौर. चिकित्सक नगर की होटल गोल्डन स्काई में बुधवार रात उस समय हंगामा मच गया जब एक युवक कथित तौर पर फर्जी पहचान के सहारे कमरा लेकर एक युवती के साथ ठहरा हुआ मिला. सूचना पर पहुंचे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया. आरोप है कि युवक ने होटल रजिस्टर में अपना नाम बदलकर दर्ज किया था और कमरे में नशा कर रहा था. पुलिस ने दोनों को थाने ले जाकर प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जाती है. संगठन के कार्यकर्ताओं मानसिंह राजावत व जितेंद्र चौहान ने बताया कि उन्हें होटल में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली थी. कमरे में पहुँचने पर रजिस्टर में दर्ज नाम राहुल जायसवाल और युवक के पर्स में मिले आधार कार्ड का मिलान करने पर असली नाम फहीम पाया गया. कार्यकर्ताओं का दावा है कि युवक के मोबाइल फ़ोन में एमडी ड्रग सहित हथियारों के चित्र, अश्लील फोटो और कई युवतियों से की गई चैटिंग मिली है. सूचना पर परदेशीपुरा थाना पुलिस होटल पहुँची और युवक-युवती को पकड़कर थाने लाई. प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि युवती भोपाल से पार्टी के लिए इंदौर आई थी. पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क कर रात में ही शहर बुला लिया. होटल प्रबंधन से भी रजिस्टर व सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिये गये हैं. हिंदू जागरण मंच के आरोप हैं कि युवक किसी लव जिहाद गैंग से जुड़ा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है, अधिकारियों के अनुसार युवक पर फर्जी पहचान दिखाकर कमरा लेने, अश्लील सामग्री रखने और शांति भंग करने जैसी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तथ्यात्मक जांच जारी है.

# 23 चौराहों पर नव आरक्षकों ने संभाली ट्रैफिक की कमान

- व्यावहारिक प्रशिक्षण के तहत सड़क सुरक्षा, नियमों और अनुशासन की दी सीख

**इंदौर. यातायात प्रबंधन की बेहतर समझ और अनुशासन के व्यवहारिक प्रशिक्षण की दिशा में शहर में एक अहम पहल देखने को मिली. पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज मूसाखेड़ी में प्रशिक्षणरत 205 नव आरक्षकों ने शहर के 23 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संचालन संभालकर व्यावहारिक अभ्यास किया. इसमें महिला और पुरुष दोनों आरक्षकों ने भाग लिया.**

इस विशेष अभ्यास का उद्देश्य नव आरक्षकों को ट्रैफिक कंट्रोल, सड़क सुरक्षा, नियमों के पालन और आपात परिस्थितियों में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने जैसे अहम बिंदुओं पर फील्ड में प्रशिक्षण देना था. यह कार्यक्रम पीटीसी और इंदौर यातायात पुलिस के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया था. इन नव आरक्षकों ने इन प्रमुख चौराहों पर संभाला था यातायात पिपलियाहाना, रोबोट, रेडिसन, देवास नाका, सत्य साईं, विजयनगर, रसोमा, एमआर 9, एलआईजी, बापट, चंद्रगुप्त मौर्य, नौलखा, व्हाइट चर्च, गीता भवन, होमगार्ड, पलासिया, गिटार तिराहा, इंडस्ट्री हाउस, घंटाघर, हाईकोर्ट, लैंटर्न, रीगल सर्किल और मधु मिलन.

**इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अभ्यास किया** - स्टॉप लाइन और ट्रैफिक लाइट नियमों का कड़ाई से पालन. ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर पैदल यात्रियों को प्राथमिकता, लेफ्ट टर्न की सुलभता सुनिश्चित करना, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करना, इमरजेंसी वाहनों के लिए रास्ता क्लियर करना, हाथों से ट्रैफिक संचालन का अभ्यास, चालानी प्रक्रिया की जानकारी, कानून व्यवस्था की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल के उपाय.



**डीसीपी यातायात ने की हौंसलाअफजाई**

इस दौरान डीसीपी यातायात अरविंद तिवारी ने पिपलियाहाना चौराहे पर पहुंचकर ड्यूटी कर रही महिला नव आरक्षकों की हौसलाअफजाई की. वहीं एसीपी हिन्दू सिंह मुवेल ट्रैफिक जोन-3 और एसीपी मनोज खत्री ट्रैफिक जोन-2 ने अलग-अलग चौराहों पर पहुंचकर दिशा-निर्देश दिए. पीटीसी के डीएसपी अनिल वर्मा और उनकी टीम ने भी निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की.